डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक :सम्ब/2083/2026 दिनांक :19/11/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) सत्र 2025–26 हेतु AISHE पोर्टल पर Web D.C.F.-II अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) सत्र 2025–26 हेतq AISHE पोर्टल पर Web D.C.F.-II अपलोड किये जाने की प्रक्रिया दिनांक 12.11.2026 से प्रारम्भ हो चुकी है। उक्त सर्वेक्षण के अन्तर्गत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2025–26 का Web D.C.F.-II निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

अतः विश्वविद्यालय के AISHE नोडल अधिकारी के पत्र दिनांक 16.11.2026 के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्त आवश्यक सूचनाओं एवं आंकड़ों को निर्धारित प्रारूप में पूर्ण एवं सही रूप से भरते हुए AISHE पोर्टल पर Web D.C.F.-II प्रत्येक दशा में अपलोड करना सुनिश्चित करें।

उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये तथा अपलोड किये जाने के उपरान्त उसकी पुष्टि/साक्ष्य महाविद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभारी–कुलपति सचिवालय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. प्रो0 संजय चौधरी, नोडल अधिकारी, A.I.S.H.E।
3. प्रभारी बेव–साइट एवं अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को विश्वविद्यालय बेवसाइट एवं महाविद्यालयों की लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett